# 15 के बाद होगा निगम के सफाई कर्मचारियों की मांग पर विचार



रतलाम. नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के 1100 कर्मचारियों के लिए पत्रिका द्वारा चलाए गए अभियान में कलेक्टर व प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने संज्ञान लिया है। कर्मचारियों की समस्याओं पर 15 अगस्त के बाद नगर निगम आयुक्त व कर्मचारी नेताओं की बात प्रशासक की उपस्थिति में होगी। यह सब दावे नेताओं ने प्रशासक कुमार से चर्चा के बाद किया है।

कर्मचारी नेता राम कल्याणे, विजय खरे, संजय पेमाल, कमल भाटी, अशोक हाड़े, मुकेश खरे, गोपाल कल्याणे आदि ने प्रशासक से चर्चा की। इस दौरान रेनकोट, बरसाती जूते नहीं मिलने, अनुकंपा नियुक्ति में देरी होने, कर्मचारियों को पदोन्नती देने में विलंब होने सहित अन्य मामलों की जानकारी दी गई। कर्मचारियों को प्रशासक ने कहा की सभी कर्मचारी प्रतिदिन समय पर नहीं आते है, इस पर कर्मचारी नेताओ ने कहा की वे इस बात को मंजूर करते है व कार्रवाई होना चाहिए, लेकिन साथ में सुविधा भी मिलना चाहिए। इसके बाद प्रशासक कुमार ने भरोसा दिया की वे 15 अगस्त के बाद इस मामले में चर्चा करेंगे।

पत्रिका 6/8/21

**असमंजस बरकरार** | एक बार फिर तबादलों की तारीख बढ़ाने पर विचार

# तबादलों के लिए एक दिन बाकी, सूचियां फाइलों में अटकीं

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

**भोपाल.** बरसों बाद ऐसा हुआ है कि तबादलों पर से प्रतिबंध हटने के बावजूद सरकारी कर्मचारियों के तबादले नहीं हो पाए हैं। सात अगस्त तक तबादले होना है, यानी सिर्फ एक दिन बचा है, लेकिन थोकबंद तबादलों की सूचियां फाइलों में ही अटकी पड़ी हैं। ऐसे में एक बार फिर तबादलों की तारीख बढ़ाने पर विचार-विमर्श शुरू हो गया है। बता दें कि एक बार पहले ही इसकी तारीख बढ़ चुकी है। दरअसल, हर बार थोकबंद तबादले होते हैं। इस बार एक जुलाई को उच्च शिक्षा विभाग ने तबादलों की एक सूची जारी कर दी थी। लेकिन, वह सूची



भी विवादों में घिर गई। इसके बाद नगरीय प्रशासन, वाणिज्यकर, ऊर्जा सहित कुछ विभागों में कुछ तबादले जरूर हुए, लेकिन पूर्व की तरह थोकबंद तबादलों के आदेश नहीं निकले। अनेक विभागों में सूचियां फाइलों में ही रखी हुई हैं, लेकिन उन्हें विभिन्न स्तर पर परीक्षणों के कारण अभी जारी नहीं किया जा रहा है।

## पहले यूं बढ़ी थी डेट

पूर्व में सरकार ने एक जुलाई से 31 जुलाई तक तबादलों से प्रतिबंध हटाया था। बाद में तबादले नहीं हो पाए, तो मंत्रियों की मांग पर सात दिन और बढ़ाकर 7 अगस्त तक तबादलों की डेट कर दी गई। तब भी कुछ मंत्री 15 अगस्त तक डेट चाहते थे। अब एक बार फिर एक हफ्ते डेट बढ़वाने के लिए कुछ मंत्री प्रयास कर रहे हैं। हालांकि सीएम शिवराज सिंह चौहान के स्तर पर ही अंतिम निर्णय हो सकेगा। ये बड़े विभाग, जहां ज्यादा होते हैं तबादले-मुख्य रूप से स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व, पुलिस, ग्रामीण विकास और शहरी विकास आदि बड़े विभागों में ज्यादा तबादले होते हैं। बड़े विभागों के लिए सरकार ने पांच फीसदी तक तबादले की सीमा तय की है।

## ये है वजह

इस बार थोक में तबादले नहीं होने के पीछे कई वजह हैं। मंत्रियों के तबादलों की सूचियों और अफसरों में एक राय नही बन पा रही। प्रमुख सचिव पर तबादलों में गड़बड़ी की जवाबदेही है। इसलिए उनके स्तर पर बारीकी से पड़ताल हो रही है। दूसरा बड़ा कारण सांसदों-विधायकों के फर्जी पत्र सामने आने से फैली दहशत है। सीएम ने साफ तौर पर निर्देश दिए हैं कि फर्जीवाड़ा न हो। उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव के स्टाफ का नाम भ्रष्टाचार में सामने आने के कारण अब मंत्री छवि को लेकर चिंतित है। इसलिए अधिक सतर्कता बरत रहे हैं। तीसरी वजह ये है कि कोरोना काल के कारण सीएम ने मानवीय पहलु को ध्यान में रखकर ही जिरूरी तबादले करने के लिए कहा है। मंत्री भी कोरोना के दंश से परेशान जनता को और दिक्कत नहीं देना चाहते।

पत्रिका

पत्रिका 6/8/21

## डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक ने चिंता जताई

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

नवभारत 6/8/21

## डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक काश्यप ने चिंता जताई

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 81 लोगों के डेंगू पॉजिटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, ताकि रोकथाम की जा सके। विधायक ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था के लिए सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए है।

दबंग 6/8/21

## डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक काश्यप ने चिंता जताई

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

इन्दौर समाचार 6/8/21

**बीमारी** **लगातार बढ़ रहे मरीजों से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ी**

## डेंगू की रोकथाम के लिए आज से बांटेंगे दवाई

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। डेंगू की रोकथाम के लिए आज से शहर में होम्योपैथी दवा का वितरण किया जाएगा। यूपीटोरियाम 200 नामक दवा आयुष विभाग के माध्यम से दी जाएगी।

जिला आयुष अधिकारी डा. प्रमिला सिंह ने बताया कि डेंगू के साथ मलेरिया के लिए भी मलेरिया आफ 200 नामक दवा का वितरण पूरे जिले में किया जाएगा। तैयारी हो गई है। मालूम हो कि इस साल डेंगू के मरीज काफी तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। इसके लिए मलेरिया विभाग अपने अमले के साथ आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से शहर में फीवर सर्वे करा रहा है। लोगों के घरों में बन रहे लार्वा को भी नष्ट करवाया जा रहा है।



डेंगू की रोकथाम के लिए फागिंग करते हुए कर्मचारी। •नईदुनिया

**एक लाख से ज्यादा प्लेटलेट्स वाले मरीजों को भी डेंगू**

जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि अभी तक जिले में डेंगू से कोई मौत नहीं हुई है। सर्वे में जो संदिग्ध मरीज मिल रहे हैं, उनको उपचार दिया जा रहा है। डेंगू के अलावा अन्य बुखार के मरीजों में भी प्लेटलेट्स कम निकल रही है। इस बार जिनके प्लेटलेट्स एक लाख से ऊपर हैं, उनमें भी डेंगू निकल रहा है, इसीलिए मरीज स्वस्थ्य भी जल्दी हो रहे हैं। पचास हजार से जब कम प्लेटलेट्स होती है तो खतरा बढ़ जाता है, लेकिन ऐसे मरीजों की संख्या अभी तक कम है। निजी अस्पतालों में उपचार ले रहे मरीजों को मिलाकर अभी तक 105 मरीज मिल चुके हैं, जिसमें बीस संदिग्ध हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि आयुष विभाग से पचास हजार डोज होम्योपैथी दवा के उपलब्ध हो गए हैं, जिनका वितरण आज से किया जाएगा। गुरुवार को आशाओं की हड़ताल के कारण सर्वे प्रभावित हुआ है, लेकिन शुक्रवार से नियमित चलेगा और घर-घर दवा वितरण भी होगा।

नईदुनिया

नईदुनिया 6/8/21

# रतलाम जिला कोरोना मुक्त, वैक्सीनेशन के लिए शिविर लगेंगे

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

रतलाम प्रदेश के उन आठ जिलों में शामिल रहा जहां कोरोना संक्रमण के केस अधिक रहे। लगभग डेढ़ वर्ष बाद बुधवार को यह स्थिति बनी कि जिले के अस्पताल में एक भी कोरोना एक्टिव मरीज नहीं है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इसके लिए नागरिकों तथा चकित्सकीय व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। साथ ही यह भी कहा कि अभी कोरोना समाप्त नहीं हुआ है, हमें सावधानी बरतना होगी।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में वैक्सीनेशन की स्थिति संतोषप्रद है। यहां लगभग 85 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। वैक्सीनेशन अभियान जारी हैं, प्रयास है कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन रतलाम जिले में हो। आने वाले समय में भी रतलाम शहर में ब्लाक बुकिंग के अतिरिक्त सेकंड डोज के लिए ही अधिक कैंप लगाए जाएंगे, ताकि शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस स्थिति को बनाए रखने के लिए मास्क का प्रयोग अवश्य करें, दो गज की दूरी बनाए रखें और सभी एहतियाती उपायों पर ध्यान दें।

उल्लेखनीय है कि रतलाम जिले में 2 लाख 43 हजार 797 संदिग्ध केस की जांच की गई। 2137 पॉजिटिव मरीज पाए गए तथा 311 कोरोना संक्रमित मरीजों की मृत्यु हुई। जिले में अब एक भी कंटेनमेंट एरिया नहीं है।

## स्वतंत्रता दिवस कोविड गाइडलाइन अनुरूप मनाया जाएगा

स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन संबंधी बैठक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में 15 अगस्त के कार्यक्रम को कोविड गाइड लाइन के अनुरूप मनाए जाने के संबंध में विचार कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में जिला पुलिस अधीक्षक गौरव तिवारी भी उपस्थित थे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समस्त विभाग प्रमुख अपने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा राष्ट्रगान होगा। कार्यालयों में ध्वजारोहण प्रातः 7.30 से 8 बजे के मध्य किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 8.45 बजे सभी अधिकारी,कर्मचारी पुलिस लाइन परेड मैदान में मुख्य कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय रतलाम के पुलिस लाइन मैदान पर होगा। मुख्य अतिथि द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाकर परेड की सलामी ली जाएगी।

स्वदेश

स्वदेश 6/8/21

# डेढ़ साल में पहली बार 'कोरोना' नहीं...

**रतलाम, नप्र।** डेढ़ साल में पहला ऐसा मौका आया है कि रतलाम में एक भी कोरोना मरीज नहीं है। यह मौका लोगों की जागरूकता की वजह से मिला है, जो कि बेहद सुखद है। ऐसे ही हालात हमेशा बने रहें,इसके लिए जरूरी है कि हम अभी सचेत रहकर सावधानी बरतते रहें।

कोरोना कॉल के लॉक डाउन में रतलाम के हालात ऐसे थे कि कोरोना संक्रमित मरीज लगातार बढ़ते जा रहे थे। एक दिन ऐसा नहीं निकलता कि कोरोना मरीज का आंकड़ा कम हुआ हो बल्कि लगातार बढ़ता ही जा रहा था। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रतलाम के हालात सुधारने के लिए कुमार पुरुषोत्तम को रतलाम भेजा।

उन्होंने यहां आते ही अव्वलतौर पर मेडिकल कॉलेज के इंतजाम को देखा और अमले को कोरोना मरीजों के आंकड़ों को कम करने में काम शुरू किया। जिसका नतीजा अब जाकर सामने आया है। डेढ़ साल बाद रतलाम में एक भी कोरोना एक्टिव मरीज का नहीं मिलना रतलाम के लिए सुखद है। इस सुखद हालात के लिए कलेक्टर ने नागरिकों की सजगता, सतर्कता एवं डाक्टरों के इंतजाम की सराहना की करते हुए कहा कि हमें इस हालात को लगातार बनाए रखना है। अभी कोरोना खत्म नहीं हुआ है इस बात को ध्यान में रखते हुए हम सभी को लगातार एहतियात बरतना है। रतलाम शहर सहित जिले के नागरिकों को इस सुखद हालात के लिए मास्क लगाना नहीं छोड़ना है। उन्होंने नागरिकों से अपील की हैं कि शहर में ऐसे ही बेहत्तर हालात को बनाए रखने के लिए मास्क का उपयोग जरूर करें और शारीरिक दूरी बनाए रखने के साथ सभी एहतियाती उपायों पर सख्ती के साथ खुद भी पालन करें और दूसरों से भी करवाएं। कलेक्टर ने कहा कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन को लेकर भी सुखद हालात बने है। यहां लगभग 85 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। ऐसे ही हालात रतलाम जिले में भी हमें बनानी है। इसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे कोविड-19 का टीका जरूर लगवाएं। कलेक्टर ने बताया कि जिन्होंने पहला डोज लगवा लिया है और दूसरा डोज लगवाना है। वे प्राथमिकता के आधार पर दूसरा टीका भी लगवाए।

## 36 हजार को दूसरा टीका लगना बाकी

अभी भी शहर में 36 हज़ार ऐसे लोग है जिनको दूसरा टीका लगाना बाकी है, ऐसे लोगों को प्राथमिकता देने के लिए आज शहर मे केवल दूसरा टीका लगाए जाने के लिए केम्प लगाया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि आने वाले समय मे भी रतलाम शहर मे ब्लाक बुकिंग के अलावा सेकंड डोज के लिए ही अधिक कैंप लगाए जाएंगे ताकि शहर मे शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि शहर मे ऐसे ही बेहत्तर हालात को बनाए रखने के लिए मास्क का उपयोग जरूर करें और शारीरिक दूरी बनाए रखने के साथ सभी एहतियाती उपायों पर ध्यान दें।

प्रभात किरण 5/8/21

**मानसून इफेक्ट** • जिले में चार नए डेंगू पॉजिटिव मिले, मलेरिया विभाग और नगर निगम पूरे शहर में करेगा फॉगिंग

# जलसंकट होने से घर में सहेजा पानी, उसमें पनप गया डेंगू का लार्वा, अब तक 93 मरीज मिल चुके ये पिछले साल से दोगुने

▪ **प्राथमिक स्टेज पर ही मरीज की पहचान कर लेने से स्थिति नियंत्रण में**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं। गुरुवार को चार नए केस मिले, इनमें एक रतलाम शहर तो तीन ग्रामीण क्षेत्र के हैं। इसके साथ डेंगू के मरीजों की संख्या 93 हो गई है, जो पिछले साल से दोगुना से ज्यादा है। इधर, शहर में अब तक पटरी पार डेंगू के मामले ज्यादा सामने आ रहे हैं। पीएंडटी कॉलोनी, इंद्रानगर, जवाहर नगर, बीमा अस्पताल के इलाके में सबसे ज्यादा 22 केस सामने आ चुके हैं। ऐसे में यहां प्रशासनिक अमला रोकथाम में जुट गया है।

बारिश के साथ ही जिले में डेंगू के मामले बढ़ना शुरू हो गए हैं। अभी मानसून ब्रेक आ चुका है, इस दौरान डेंगू के मामले ज्यादा सामने आते हैं। गुरुवार को गंगासागर कॉलोनी, आलनिया, नामली, बांगरोद में डेंगू के पॉजिटिव केस मिले। इसके साथ अब तक 93 मामले मिल चुके हैं। पिछले साल सितंबर तक 5 केस ही सामने आए थे। हालांकि, अच्छी बात ये है कि अब तक कोई गंभीर मरीज या किसी की मौत का मामला सामने नहीं आया है। जिम्मेदारों के मुताबिक ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि डेंगू के प्राथमिक स्टेज पर ही मरीजों की पहचान की जा रही है। मरीज के गंभीर होने से पहले इलाज मिल रहा है।

## पटरी पार ज्यादा मामले : पीएंडटी कॉलोनी, इंद्रानगर, जवाहरनगर में अब तक 22 मरीज मिल चुके हैं

### पीएंडटी कॉलोनी के घर-घर में सर्वे करवाकर मरीज तलाशे

इधर, शहर में अब तक मिले मामलों में सबसे ज्यादा केस पीएंडटी कॉलोनी, जवाहर नगर, इंद्रा नगर, बीमा अस्पताल में सामने आए हैं। यहां अब तक 22 मामले मिल चुके हैं। हालांकि, गंभीर केस नहीं है। इसे लेकर एंटी लार्वा एक्टिविटी के साथ क्षेत्र में जागरुकता को लेकर काम किया जा रहा है। पीएंडटी कॉलोनी में गुरुवार को फॉगिंग की गई। इसके अलावा दीनदयाल नगर, वेदव्यास कॉलोनी, वीआईपी नगर पानी की टंकी, निराला नगर में डेंगू के 2 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं।



नगर निगम और मलेरिया विभाग द्वारा शहर में फॉगिंग शुरू करवा दी गई है।

**जहां डेंगू के केस निकले वहां सभी को देंगे दवा-** अब जिस घर या क्षेत्र में डेंगू मरीज सामने आ रहे हैं, वहां परिवार और आसपास के लोगों को डेंगू प्रतिरोधक औषधि यूपेटोरियम पर्फ 200 की गोलियां दी जाएगी। यह टेबलेट तीन दिन खाली पेट लेना है। 5 हजार गोलियां बंटेगी।

**कचरा गाड़ियों से देंगे संदेश -** मलेरिया विभाग और नगर निगम की टीम ने डेंगू से बचाव के लिए शहर के हर क्षेत्र में फॉगिंग शुरू कर दी है। फॉगिंग रात में की जाएगी। डेंगू से बचाव के लिए हर वार्ड में कचरा गाड़ी के माध्यम से संदेश देंगे।

### तेज बारिश नहीं... इसलिए इस साल ज्यादा केस

इस साल ज्यादा केस मिलने का कारण मानसूनी खेंच है। जून-जुलाई में मानसून की लंबी खेंच मिली है, अंचल में केस निकले। पल्दुना में 22 मामले सामने आए थे। कारण पानी का स्टोरेज करना था। 7 दिन से तेज बारिश नहीं है। पानी इकट्ठा होता है, लार्वा पनपने के आसार रहते हैं। मलेरिया *अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति ने छत और किचन, कबाड़ आदि पर विशेष ध्यान दें। बारिश का पानी रुके नहीं, इसे लेकर जागरूक रहें।*

दै. भास्कर 6/8/21

# 6 साल से कॉलोनी में सड़क की मांग को लेकर किया चक्काजाम



रतलाम. शहर के ऊंकाला रोड के करीब बनी हुई बसंत कॉलोनी के रहवासियों ने गुरुवार दोपहर को सड़क व नाली की मांग को लेकर चक्काजाम कर दिया। रहवासियों का कहना था की वे छह वर्षो से मांग कर रहे है, तो आश्वासन ही मिल रहा हैं। नगर निगम के सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल पहुंचे तब जाकर रहवासी माने।

बसंत कॉलोनी निवासी जो कई वर्षो से नाली ओर सड़क से परेशान है हर वर्ष बारिश में कीचड़ से परेशान हो जाते हैं। सिटी फोरलेन का काम चल रहा है तो परेशानी रहवासियों को है। रहवासियों ने बताया बसंत कॉलोनी में रहने वाले 6 वर्षो से लगातार अनुरोध किया जा रहा है की सड़क निर्माण कार्य किया जाए। सिटी फोरलने बनने से सड़क का यातायात बाधित होता है। पूर्व में कई बार वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण किया, लेकिन इसके बाद भी रखरखाव कार्य नहीं किया गया। कई बार जहरीले जानवर सांव बिच्छु आदि निकलते है इससे परेशानी होती है। इन मांग के बारे में नगर निगम के सिटी इंजीनियर जायसवाल को क्षेत्रवासियों ने बताया। इसके बाद रहवासियों को भरोसा दिया गया की उनकी जायज मांग पर कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद रहवासियों ने चक्काजाम समाप्त किया।

पत्रिका 6/8/21

## ऊंकाला रोड पर रहवासियों ने किया प्रदर्शन

रतलाम। बंसत कॉलोनी के रहवासियों ने समस्या से परेशान होकर ऊंकाला रोड पर प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। गुरुवार को सड़क, नाली सहित अन्य मांगों को लेकर क्षेत्र की महिला और पुरुष में आक्रोश देखा गया। सूचना पर नगर निगम के प्रभारी सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल कर्मचारियों के साथ पहुंचे लेकिन उनकी एक नहीं सुनी गई। रहवासियों ने बताया कि विगत 6 वर्षों से क्षेत्र निवासियों द्वारा लगातार अनुरोध किया जा रहा है, किन्तु इस विषय में निगम द्वारा ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। सालों से आवागमन में परिवहन बाधित हो रहा है। इस कारण सामान्य जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नवभारत 6/8/21

# चक्काजाम : रोड सुधारने के लिए दी सात दिन की चेतावनी



ऊंकाला रोड पर बसंत कालोनी के प्रदर्शन करते हुए रहवासी। ●नईदुनिया

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ऊंकाला रोड स्थित बसंत कालोनी के रहवासियों ने गुरुवार को सड़क की खराब हालत व कीचड़ की परेशानी को लेकर प्रदर्शन किया। सुबह करीब 11 बजे प्रदर्शन के दौरान रहवासियों ने कीचड़ से भरी बाल्टी लेकर मुख्य मार्ग पर कीचड़ फैलाकर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। रहवासियों ने बताया कि गत 6 वर्षों से परेशानी है, लेकिन कोई निराकरण नहीं किया गया। मौके पर पहुंचे निगम के कार्यपालन यंत्री जीके जायसवाल के आश्वासन पर भी लोग नहीं माने, हालांकि बाद में समझाइश पर सात दिन में हालात नहीं सुधरने पर फिर से चक्काजाम की चेतावनी देकर प्रदर्शन खत्म किया गया। इस दौरान टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष लखन राजवनिया, उपाध्यक्ष पंकज राजवनिया, भरत शर्मा, सरोज बाई राजवनिया, शीतल भल्ला, वर्षा भल्ला, कल्पना पाटीदार, कैलाश माली, पवन नागराज, काजल जागीरदार, नाजिया शेख आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 6/8/21

# डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक काश्यप ने चिंता जताई

## सीएमएचओ व निगमायुक्त को दिए निर्देश- आमजन से सजग रहने का आह्वान

**रतलाम,** । विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।



विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

तेज 6/8/21

# डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक काश्यप ने चिंता जताई

## सीएमएचओ व निगमायुक्त को दिए निर्देश,आमजन से सजग रहने का आह्वान

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉण् प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता हैए उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को देंए जिससे उसकी रोकथाम की जा सके। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभागए नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर.घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती हैए इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉण् आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 6/8/21

# रतलाम में डेंगू फैला, विधायक काश्यप ने चिंता जताई

**रतलाम** ● विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आव्हान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पॉजिटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहरवासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। स्वदेश

स्वदेश 6/8/21

पीएचई के अधीक्षण यंत्री ने बैठक में दिए निर्देश

# जल जीवन मिशन कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करें

रतलाम. कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करें, प्रॉपर मानिटरिंग करें। ठेकेदार द्वारा यदि कार्य में कमी रखी जाती है तो अधिकारियों को सूचित कर कमी को दुरुस्त करवाएं। उज्जैन अधीक्षण यंत्री पीएचई राजीव खुराना ने विगत दिवस रतलाम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कही। जल जीवन मिशन में संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधीक्षण यंत्री ने निर्देश दिए कि कार्यों में किसी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए।



बैठक में अधीक्षण यंत्री द्वारा जल जीवन मिशन के लोगो का विमोचन किया। यह लोगो अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा अपने वाहन पर लगाया जाएगा। अधीक्षण यंत्री द्वारा थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन क्रियान्वयन सहायक संस्था तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होने निर्देश दिए कि क्रियान्वयन सहायक संस्था ग्राम स्तर पर रिलेशन से लोगों को जोड़ें। ग्राम स्तरीय समितियों का गठन में सहायक हो।

अधीक्षण यंत्री जावरा एसडीओ कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया। साथ ही ग्राम रोजाना में संचालित निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। अधीक्षण यंत्री के ग्राम रोजाना में स्कूल तथा आंगनवाड़ी पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया। बैठक में कार्यपालन यंत्री पी.के. गोगादे, सहायक यंत्री नरेश कुवॉल, प्रियंशा दुबे, एस के मईडा, जिला सलाहकार आनंद व्यास, किरण चौहान, उपयंत्री इरफान अली आदि उपस्थित थे। आभार जिल सलाहकार आनंद व्यास ने माना।

पत्रिका

पत्रिका 6/8/21

## खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नही रखने पर 17 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ।कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु स्पॉट फाईन दल द्वारा संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 4 अगस्त को 17 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अधिकारी, झोन प्रभारी व स्पॉट फाईन दल द्वारा खुले में गंदगी करने पर संजय, गिरीश अलकापुरी पर 500-500, कान्हसिंह सूर्यवंशी, प्रियंका, विनोद, दिलीप, अर्जुन शहर सराय, रतनलाल, लालाभाई, प्रकाश, तोपखाना, जय, चंदन, राजू, शांति पाटीदार, ए पुरोहित सैलाना बस स्टैण्ड, जीवनलाल, रतनसिंह चौमुखीपुल पर 100-100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी ना करने की समझाईश दी। स्पॉट फाईन की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, विनय चौहान द्वारा की गई।

## स्पॉट फाईन दल के 5 कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त करने का सूचना पत्र जारी

रतलाम। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा भ्रमण के दौरान नगर के विभिन्न स्थानों की दुकानों के बाहर खुले में कचरा व गंदगी पाये जाने व स्पॉट फाईन दल कहीं भी स्पॉट फाईन नहीं करते पाये जाने पर स्पॉट फाईन के 5 कर्मचारियों का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना-पत्र जारी किया गया। स्पॉट फाईन दल की ड्यूटी शहर में गंदगी फैलाने वाले व्यक्तियों पर स्पॉट फाईन किये जाने हेतु लगायी गयी है किन्तु भ्रमण के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों की दुकानों के बाहर खुले में कचरा व गंदगी पाये जाने पर स्पॉट फाईन दल के मनोज टांक, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिन्दे का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया गया।

इन्दोर समाचार 6/8/21

## पर्यावरण के बचाव एवं वैक्सीनेशन को लेकर जन जागृति फैला रहे हैं



रतलाम। विश्व आदिवासी उपलक्ष में समाज के सभी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से रतलाम जिले में आदिवासी समाज को विश्व आदिवासी दिवस का महत्व समझाते हुए पर्यावरण के बचाव हेतु पौधरोपण विभिन्न गांव में पूरी टीम द्वारा किया गया एवं वर्तमान कोरोना महामारी के बचाव हेतु वैक्सीनेशन को लेकर जागृति, शिक्षा की अलख जगाने हेतु शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु प्रचार-प्रसार एवं समाज को नशा मुक्ति के लिए जागृति जिससे जिस परिवार एव समाज का बचाव नशा मुक्ति एक आधार है। इस हेतु विभिन्न संगठनों आदिवासी एकता परिषद आदिवासी कर्मचारी अधिकारी संगठन (आकास) अखिल भारतीय भील समाज जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) आदिवासी छात्र संगठन आदि संगठनों के पदाधिकारी कालू बारोठ मान सिंह भगोरा, कैलाश देवडा, छोटू भाभर, कविता डामोर, रमेश वसुनिया, विजय डोडियार, गौरव खराड़ी, विजय डोडियार, जितेंद्र कलावा, सोनू डामर, राकेश डामोर, राधेश्याम माल, राधे डामर, गोविंदा डोडीयार, जगदीश वसुनिया, हरीराम जाटवा आदि साथी उपस्थित रहे।

इन्दौर समाचार 6/8/21

## 5 अगस्त को कोविड-19 वैक्सीनेशन के तहत केवल दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा

रतलाम। रतलाम जिले में गुरुवार को आयोजित होने वाले कोविड-19 वैक्सीनेशन कार्यक्रम के अंतर्गत रतलाम शहर में केवल दूसरे डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाना तय किया गया है।

रतलाम शहर के जिन लोगों ने कोविड-19 वैक्सीनेशन के अंतर्गत कोवैक्सीन का पहला टीका लगवाकर 28 दिन पूर्ण कर लिए हैं, ऐसे सभी हितग्राही रतलाम शहर के आईएमए हॉल राजेंद्र नगर पर उपस्थित होकर अपना आईडी और मोबाइल लेकर को वैक्सीन का दूसरा टीका लगवा सकते हैं।

रतलाम शहर के जिन लोगों ने कोविशिल्ड का पहला टीका लगवा कर 84 दिन पूर्ण कर लिए हैं, ऐसे सभी लोग रतलाम शहर के काश्यप सभागृह सागोद रोड अथवा अलकापुरी कम्युनिटी हॉल अलकापुरी पर अपना आईडी कार्ड और मोबाइल लेकर कोविशिल्ड का दूसरा डोज़ लगवाकर अपना टीकाकरण पूर्ण कर सकते हैं। रतलाम शहर के न्यू कलेक्ट्रेट स्थित केंद्र पर केवल विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों को कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा।

# डेढ़ साल में पहली बार रतलाम में एक भी एक्टिव कोरोना केस नहीं

### कलेक्टर ने सभी नागरिकों से वैक्सीनेशन की अपील की

सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम

डेढ़ साल में रतलाम में पहली बार बुधवार को यह स्थिति बनी कि एक भी कोरोना एक्टिव पेशेंट नहीं है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने इस सुखद स्थिति के लिए नागरिकों की सजगता, सतर्कता एवं चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की सराहना की।

कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कहा कि डेढ़ वर्ष बाद रतलाम में एक भी कोरोना एक्टिव पेशेंट नहीं होना सुखद है, मगर हमें इस स्थिति को बनाए रखना है। अभी कोरोना समाप्त नहीं हुआ है, हमें सभी एहतियात बरतना है। उन्होंने कहा कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन को लेकर सुखद स्थिति बनी है। यहां लगभग 85 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। यही स्थिति रतलाम जिले में भी हमें बनानी है, इसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। श्री पुरुषोत्तम ने बताया कि जिन्होंने पहला डोज लगवा लिया है और दूसरा डोज लगवाना है, वे प्राथमिकता के आधार पर सेकंड लगवाएं। अभी 36 हजार ऐसे लोग हैं जिनका सेकंड है ड्यू है। उन्हें सेकंड लगवाने के लिए कलेक्टर ने अपील की। उन्होंने कहा कि रतलाम शहर में 5 अगस्त को इसीलिए सिर्फ सेकंड डोज के लिए ही वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। आने वाले समय में भी रतलाम शहर में ब्लाक बुकिंग के अतिरिक्त सेकंड डोज के लिए ही अधिक कैंप लगाए जाएंगे, ताकि शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हो जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस स्थिति को बनाए रखने के लिए मास्क का प्रयोग अवश्य करें।

सिंघम - 5

सिंघम 5/8/21

# दलीप नगर उचित मूल्य दुकान से सखावत खान, राजूबाई सहित 721 परिवार उठा रहे हैं नि:शुल्क खाद्यान्न योजना का लाभ

रतलाम। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना गरीब परिवारों के लिए वरदान बनकर आई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से रतलाम जिले के 2 लाख 28 हजार से ज्यादा परिवार उक्त योजनाओ का लाभ उठा रहे हैं। रतलाम के समीप दिलीप नगर की उचित मूल्य दुकान से राजूबाई भरावा, सखावत खान, शांतिलाल गढ़वाल के परिवारों सहित 721 परिवार योजनाओ का लाभ ले रहे है। ये परिवार निःशुल्क खाद्यान्न प्राप्त करके पेट भरने की चिंता से मुक्त हुए हैं। किसी कारणवश पात्र होते हुए भी जिन व्यक्तियों का खाद्यान्न स्वीकृत नहीं हो पाया, उन लोगों को भी शासन द्वारा सहूलियत देते हुए अस्थाई पर्चियों से राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। दिलीप नगर के मनोज के परिवार में पांच व्यक्ति शामिल हैं जिनको अस्थाई पर्ची से राशन मिल रहा है। दिलीप नगर की उचित मूल्य दुकान के सामने रहने वाली राजूबाई भरावा के परिवार में 6 लोग हैं जिनको अब खाद्यान्न की चिंता नहीं है क्योंकि उनको दुकान से पर्याप्त मात्रा में राशन मिल जाता है। दिलीप नगर उचित मूल्य की दुकान से विगत जुलाई माह में 321 क्विंटल खाद्यान्न वितरण किया गया जिसमें गेहूं, चावल दोनों सम्मिलित है। वन नेशन वन कार्ड योजना का लाभ दिलीप नगर में रहने वाले कई मजदूर परिवारों को मिला है। ये मजदूर परिवार उज्जैन, मंदसौर, झाबुआ जैसे आजू-बाजू के जिलों से आए हैं। साथ ही रतलाम जिले के अन्य स्थानों से भी दिलीप नगर में मजदूरी का कार्य कर रहे हैं। दिलीप नगर उचित मूल्य दुकान से जुलाई माह में 20 परिवारों को वन नेशन वन कार्ड योजना का लाभ मिला है। इन परिवारों को खाद्यान्न की चिंता नहीं है, बाहर के स्थानों से आकर रहने वाले परिवारों को उनके वहां के राशन कार्ड से यहां पर राशन मिल रहा है। दिलीप नगर वार्ड क्रमांक 28 के रहने वाले शांतिलाल गरवाल ने जुलाई माह में 50 किलोग्राम खाद्यान्न उठाया है। उनके घर में 3 मेंबर हैं उनका कहना है कि अब हमें दो वक्त की रोटी की चिंता नहीं रही। शासन ने पर्याप्त मात्रा में हमारे लिए खाद्यान्न की व्यवस्था कर दी है। इसके लिए हम शासन के आभारी हैं।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 6/8/21

# मध्यप्रदेश के अन्न उत्सव में शामिल होंगे कई राज्यों के मंत्री

अग्निबाण 5/8/21

## पहली बार एक साथ 1 करोड़ 20 लाख परिवारों को बांटा जाएगा राशन

भोपाल, अग्निबाण संवाददाता

**प्रदेश में 7 अगस्त को होने वाले अन्न उत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। मंत्री अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। उधर प्रदेश में होने वाले मेगा अन्न उत्सव में कई राज्यों के मंत्री, विधायक और प्रमुख सचिव आएंगे, जिनके हाथों से राशन वाले थैले दिलवाए जाएंगे।**

अन्न उत्सव में पहली बार एक साथ 1 करोड़ 20 लाख परिवारों को राशन बांटा जाएगा। राज्य सरकार ने 5 करोड़ लोगों तक राशन पहुंचाने के लिए थैले तैयार करवाए हैं, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का फोटो रहेगा। अन्न उत्सव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया के साथ उत्तराखंड के कृषि मंत्री सुबोध उनियाल भोपाल के मुख्य आयोजन में होंगे। वहीं असम के खाद्य मंत्री रंजीत कुमार होशंगाबाद में, त्रिपुरा के कृषि मंत्री प्रानजित सिंघा राय सीहोर में, हिमाचल प्रदेश के खाद्य मंत्री राजेंद्र गर्ग रायसेन में और गोवा के खाद्य मंत्री गोविंद गौडे, इंदौर के आयोजन में मौजूद रहेंगे।

### घर-घर चावल देकर दिया जाएगा न्यौता

अन्न उत्सव की ब्रांडिंग के लिए भाजपा कार्यकर्ता राशन लेने का न्यौता लेकर घर-घर चावल बाटेंगे। ये पहली बार होगा कि हितग्राहियों को राशन के थैले देने के पहले ढोल-धमाकों के बीच माथे पर कुमकुम-रोली का तिलक लगाया जाएगा। उत्सव में शामिल होने के लिए सात राज्यों के मंत्री, विधायक और प्रमुख सचिव आएंगे।

### हर कंट्रोल दुकान पर भाजपा नेता बांटेंगे अन्न

शनिवार को पूरे प्रदेश में होने वाले अन्न उत्सव के तहत कंट्रोल दुकानों पर भाजपा के नेता और जनप्रतिनिधि पहुंचेंगे। ये मुख्यमंत्री के वर्चुअल भाषण के पहले हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे और बताएंगे कि केन्द्र और राज्य सरकार ने कोरोना काल में किस तरह उनकी मदद की। अन्न उत्सव की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन अपने स्तर पर तैयारियां तो कर ही रहा है, वहीं भाजपा की ओर से भी इस कार्यक्रम के लिए तैयारी की जा रही है। 7 अगस्त को यह आयोजन पूरे देश में एक साथ होगा।

अग्निबाण 5/8/21



# कोरोना गया नहीं सचेत रहने की आवश्यकता

## लायंस क्लब रतलाम क्लासिक द्वारा लोगों को जागरूक किया गया

**स्वतंत्र एलान संवाददाता**

**रतलाम । कोरोना महामारी का दंश अभी समाप्त नहीं हुआ है पहली और दूसरी लहर में लाखों लोगों की जान लेने के बाद अब तीसरी लहर में भी डॉक्टर तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी से इस महामारी के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है ।**

क्योंकि अधिकांश लोगों ने लापरवाही और बेरुखी से पुनः अपनी जान संकट में डालने की की सोच ली है यही कारण है कि बड़े-बड़े समारोह तथा कार्य कम आयोजित होने लगे हैं तथा मास्क का उपयोग भूलते जा रहे हैं जो अत्यंत हानिकारक हो सकता है । इसी बात को ध्यान में लेकर लायंस क्लब रतलाम क्लासिक द्वारा आज कॉलेज रोड, छत्रीपुल पर लगी छूट कर व्यापारियों को मास्क वितरित कर उन्हें समझाइश दी गई ।

मास्क का उपयोग निरंतर करते रहें तथा व्यापार करते समय शारीरिक दूरी का पालन करें और सैनिटाइजर से हाथ लगातार धोते रहें इस बात के लिए उन्हें संकल्प दिलवाया । इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन राजेश डोरिया, सचिव आशीष जोशी, पूर्व अध्यक्ष निमिष व्यास, दिनेश शर्मा, महेश व्यास, बी.के.जोशी, मनीष जोशी, शैलेंद्र व्यास, शैलेश श्रोत्रिय आदि उपस्थित थे । स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 6/8/21

## फिर बढ़ रहा है कोरोना, बचाव के लिए सर्तकता जरूरी-मुख्यमंत्री श्री चौहान

रतलाम। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कल 71 हजार 103 टेस्ट किये गये हैं। इनमें 28 पॉजिटिव आये हैं। प्रदेश में पॉजिटिव आने की संख्या घटकर 6 तक हो गई थी। अब बढ़ते-बढ़ते यह 28 तक पहुँच गई है। दमोह में 15 और सागर में 7 पॉजिटिव केस आये हैं। बुंदेलखण्ड में पॉजिटिव केस मिलना चिंता का विषय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। प्रदेशवासी मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग जैसी सावधानियों का अनिवार्यतः पालन करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि बहुत अधिक सावधानी की आवश्यकता है। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भी केस बढ़ रहे हैं। केरल की स्थिति भी सामने है। अतः प्रदेशवासी सतर्क और सावधान रहकर तीसरी लहर को रोकने में सहयोग प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय किये जायेंगे।

स्वतंत्र

स्वतंत्र एलान 6/8/21

आ.

## राहत : रतलाम में दूसरे दिन भी 0 एक्टिव केस

रतलाम | जिले में कोरोना के लिहाज से सुखद स्थिति बनी हुई है। गुरुवार को लगातार दूसरे दिन शहर में एक्टिव केस 0 रहे। हालांकि, अभी मास्क को लेकर सख्ती रहेगी।

हमारा जिला 481 दिन बाद बुधवार को कोरोना मुक्त हुआ था। किसी भी मरीज का रतलाम में इलाज नहीं चल रहा है। हालांकि, पॉजिटिव मिलने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में सख्ती जारी है। जिले में 17500 कोरोना पॉजिटिव मिल चुके हैं। 11 अप्रैल को शहर में पहला पॉजिटिव मिला था, यह पहला मौका है, जब लगातार दो दिन तक नए संक्रमित और एक्टिव केस 0 है।

दै. भास्कर 6/8/21

# निगम ने चार कॉलोनाइजर्स को नोटिस जारी किए

**रतलाम** | भूमि पर विकास अनुमति समाप्त होने, विकास पूरा नहीं कराने, आश्रय निधि जमा नहीं करने पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने गुरुवार को चार कॉलोनाइजर को नोटिस जारी किया। रचना हाऊसिंग, सम्यक लैंडमार्क प्राईवेट लिमिटेड, अभय कोठारी आबकारी रोड, रमेशचंद्र जैन निवासी जैन कॉलोनी शामिल हैं। इन्हें 19 सर्वे क्रमांक की 15.755 हेक्टेयर भूमि में से 13.525 हेक्टेयर में कॉलोनी विकास अनुमति के संबंध में नोटिस दिया है। कॉलोनाइजर को कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र प्राप्त नहीं किया। आश्रय शुल्क जमा नहीं कराया। समाधान कारक कार्रवाई नहीं करने पर बंधक 85 भूखंड बेचकर कॉलोनियों में विकास कार्य पूरे कराने और अतिरिक्त राशि वसूली का हवाला दिया है।

दै. भास्कर 6/8/21

# कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर आज निर्णय लेंगे

**सिंघम रिपोर्टर ☐ रतलाम**

मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की बैठक 3 अगस्त को कर्मचारी भवन भोपाल में संपन्न हुई । बैठक में मोर्चा में शामिल संगठनों के प्रांताध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रदेश व्यापी तीन चरण आंदोलन की समीक्षा की गई एवं प्रदेश के कर्मचारियों की सामूहिक एकता की प्रशंसा की और आगामी रणनीति तय कर निर्णय लिया गया कि हम 5 सितंबर तक अपनी प्रमुख तीन मांगों पर निर्णय लेने के लिए सरकार को समय देते हैं । 5 सितंबर के बाद अनिश्चितकालीन आंदोलन पर निर्णय लिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला संरक्षक दीपक सुराना एवं जिला अध्यक्ष शरद शुक्ला ने बताया कि मोर्चा के प्रान्तीय अध्यक्ष 5 सितंबर तक प्रदेश के सभी जिलों मैं भ्रमण करेगें व जिला स्तरीय बैठकों का आयोजन कर जिला एवं तहसील स्तर पर कर्मचारियों को अनिश्चितकालीन हड़ताल हेतु संगठित किया जाएगा। बैठक में राजपत्रित अधिकारी संघ, म.प्र.तृतीय वर्ग शा.कर्मचारी संघ, म.प्रलघु वेतन कर्मचारी संघ, म.प्र. कर्मचारी कांग्रेस, म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ, म.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारीसंघ( अपाक्स ), उन्नतशील अनुकंपा नियुक्ति कर्मचारी संघ , भू अभिलेख अधिकारी संघ म.प्र स्टेनोग्राफर संघ संघ के अध्यक्ष /प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सिंघम टाईम्स 5/8/21

– निगम अधिकारियों के आश्वासन के बाद रहवासी माने

# बसंत कॉलोनी की खराब रोड से परेशान जनता ने किया चक्काजाम

रतलाम। शहर में जिले की लापरवाह कार्यप्रणाली से शहर की जनता अब परेशान हो चुकी है, जिले में हुई कई दिनों की बारिश ने जिला प्रशासन के अव्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है हर क्षेत्र में मार्गो का हाल बेहाल हो चुका है अधिकतर मार्ग कीचड़ के दलदल में समा चुके है राहगीरों का निकलना तक मुश्किल हो चुका है, आए दिन खराब रोड की वजह से हादसे हो रहे है, किंतु किसी भी जिम्मेदार को जनता की परवाह के लिए समय नही मिल रहा है।



जनता की परेशानी के लिए कोई भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी सही से नही निभा रहे है। जनता हर जगह धरना प्रदर्शन आंदोलन कर रही है। कई बार जिम्मेदारों को जिम्मेदारी निभाने के लिए आग्रह कर चुके है अपितु अभी तक कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। आज एक ऐसा ही मामला शहर के उंकाला रोड क्षेत्र के बसंत कॉलोनी का है जहा के रहवासियों ने समस्या से परेशान होकर कॉलोनी की खराब सड़को के कारण क्षेत्रिय जनता ने उंकाला रोड मुख्य मार्ग पर जमकर विरोध प्रदर्शन कर चकाजाम किया सड़क,नाली सहित अन्य मांगों को लेकर जनता ने कीचड़ से भरी बाल्टी लेकर मुख्य मार्ग पर कीचड़ फैलाकर आक्रोश देखा गया व निगम के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। जनता के भारी विरोध प्रदर्शन को देखते हुए नगर निगम के प्रभारी सिटी इजीनियर जीके जायसवाल कर्मचारियों के साथ पहुंचे लेकिन उनकी एक नही सुनी गई । रहवासियों ने बताया कि विगत 6 वर्षों से क्षेत्र निवासियों द्वारा लगातार अनुरोध किया जा रहा है, किंतु इस विषय में निगम द्वारा ठोस कदम नही उठाया जा रहा है। सालों से आवागमन में परिवहन बाधित हो रहा है। इस कारण सामान्य जनमानस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बंसत कालोनी में कई उच्च अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा चुका है और आश्वासन दिया जाता है फिर भी समस्या से छुटकारा नही मिल रहा है। बंसत कॉलोनी के रहवासियों ने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि सात दिन में समस्या का निराकरण नही हुआ तो दोबारा आंदोलन के लिए लामबंद होना पड़ेगा

## निगम अधिकारियों के आश्वासन के बाद रहवासी माने

इस अवसर पर टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष लखन राजवनिया, उपाध्यक्ष पंकज राजवनिया, भरत शर्मा, सरोज बाई राजवनिया, शीतल भल्ला, वर्षा भल्ला, कल्पना पाटीदार, कैलाश माली, पवन नागराज, काजल जागीरदार, नाजिया शेख, मनोहर खान, राधेश्याम पाटीदार, गौरव पाटीदार, दयाराम पाटीदार, राधेश्याम माली, विनोद पवार, मोहित पंवार, तारा राठौड़, तेजा भाई, दिनेश बैरागी, कैलाश माली, शंकर गुर्जर, अशोक वाघेला, गोपाल माली, राजेश सांखला अतुल दीक्षित आदि उपस्थित थे ।

इन्दौर समाचार 6/8/21

# खराब सड़क से परेशान लोगों ने किया चक्काजाम



दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

शहर की खराब सड़कों से लोग परेशान हैं। गुरुवार को बसंत कॉलोनी के रहवासियों ने चक्काजाम कर दिया। उकाला रोड क्षेत्र की सड़क वर्षों से अधूरी होने और अधूरे मार्ग के कारण कीचड़, फिसलन, गड्ढों के कारण आए दिन हो रहे हादसों और समस्या से परेशानी झेल रहे हैं।

इसे लेकर बसंत कॉलोनी के लोगों ने उकाला रोड मुख्य मार्ग पर जमकर नारेबाजी की और चक्काजाम कर यातायात बंद कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस वहां पहुंची और निगम को सूचना दी। इसके बाद नगर निगम के प्रभारी सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल कर्मचारियों के साथ पंहुचे। परंतु लोगों ने नाराजगी जताते हुए कीचड़ से भरी बालटी सड़क पर ढोल दी। उन्होंने कहा कि 2 सालों से लोग यहां कीचड़ में रहने को मजबूर हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अधिकारियों ने तत्काल सड़क निर्माण प्रारंभ करवाने का आश्वासन देने के बाद लोग हटे। इस दौरान लखन राजवनिया, पंकज राजवनिया, पत्रकार भरत शर्मा, सरोजबाई राजवनिया, शीतल भल्ला, कल्पना पाटीदार, काजल जागीरदार, नाजिया शेख उपस्थित थे।

## कोरोना मुक्त हुआ रतलाम, डेढ़ वर्ष बाद एक भी एक्टिव मरीज नही

रतलाम। डेढ़ वर्ष के कोरोना महामारी से जूझने के बाद जिले में राहत की खबर आई। बुधवार को रतलाम जिला कोरोना मुक्त घोषित हुआ। रतलाम मेडिकल कॉलेज में भर्ती एकमात्र कोरोना संक्रमित मरीज के स्वस्थ होने के बाद रतलाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले में 0 कोरोना संक्रमित मरीज होने की जानकारी दी है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले की जनता से अपील करते हुए सावधानी बरतने और 100 वैक्सीनेशन करवाने की अपील जिले की जनता से की है। गौरतलब है कि अप्रैल 2020 के बाद यह पहला मौका है जब रतलाम मेडिकल कॉलेज में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज भर्ती नहीं है। अप्रैल और मई के महीने में जहां रतलाम मेडिकल कॉलेज के सभी 550 बेड फुल चल रहे थे। वहीं अब मेडिकल कॉलेज में एक भी कोरोना संक्रमित मरीज भर्ती नहीं है। हालाकी रतलाम कलेक्टर ने लोगों को सावधानी बरतने और कोरोना गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

दबंग दुनिया 6/8/21

# बसंत कॉलोनी की सड़कों का हाल बेहाल, क्षेत्रीय जनता करेगी धरना प्रदर्शन



*रतलाम।* जिले में कुछ दिनों की बारिश ने सड़को का हाल बेहाल कर दिया है, कई दिनों से हो रही बारिश ने सड़को को कीचड़ के दलदल में समा दिया है, शहर के कई क्षेत्रों में सड़को पर आवागमन करने राहगीरों और क्षेत्रीय जनता को चलने लायक नही बचाया है। जिम्मेदारों ने जनता की समस्या से परे नही होकर अपनी जिम्मेदारी पर अंकुश लगा दिया है।

*ऐसा ही मामला शहर के बसंत कॉलोनी का है जहा की सड़के कीचड़ के दलदल में समा गई है जिम्मेदार भी इस और ध्यान देने में कतरा रहे है। क्षेत्रिय जनता ने कीचड़ भरी सड़को से परेशान होकर कल उकाला रोड पर जिम्मेदारों के विरुद्ध धरना प्रदर्शन करेगी और सड़क पर चक्काजाम करेगी।*

*जानकारी अनुसार टाइगर ग्रुप के अध्यक्ष लखन राजवनिया ने बताया की बसंत कॉलोनी की सड़को की हालत बहुत ही खराब हो गई है कोई भी अधिकारी इस और ध्यान नही दे रहे इसलिए क्षेत्र की जनता की परेशानी के देखते हुए कल उकाला रोड पर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जायेगा।*

तेज 6/8/21

# सड़कों पर कीचड़ और गंदगी... मच्छरों से लोग परेश

## डेंगू के मरीज बढ़ने पर विधायक फागिंग के लिए नगर निगम को कहा



**रतलाम, नप्र।** सड़कों के गड्ढों और साइडों में बरसात का पानी जमा है। नालियों की ना ठीक से सफाई हो रही है और न ही कीचड़ साफ हो रहा है। हालात यह है कि परेशानियों को झेलने के साथ-साथ लोग बीमारियों से भी जूझ रहे है3।

ये हाल शहर के किसी एक मोहल्ले या चौराहे का नहीं है बल्कि हर पूरे शहर के है। शहर में किधर भी चले जाओ आपको खराब सड़कों के दीदार होंगे तो गड्ढेदार सड़कों और आसपास की साइडों में बारिश का पानी जमा मिलेगा ही मिलेगा... कीचड़ की तो बात ही मत करियेगा...उससे सामना तो ऐसा होगा कि चाहकर भी आपके कपड़े कीचड़ से बच नहीं पाएंगे। एक दुपहिया अगर शहर के कुछ ही इलाकों की सड़कों को नाप लेगा तो उसकी हालात देखकर आप अंदाजा नहीं लगा पाएंगे कि यह वाहन शहर की सड़कों को नापकर आया हैं या फिर गांवों में जाकर आया है। जलजमाव...कीचड़ से तो लोग जूझ ही रहे है साथ ही साथ इससे मच्छर भी इस कदर पैदा हो रहे है कि लोग मच्छरों से भी खूब परेशान होकर बीमार हो रहे हैं। माना कि मौसम के पलटवार का असर सेहत पर होता है और लोग सर्दी-खासी से प्रभावित होते हैं लेकिन यहां तो मौसम के पलटवार का असर भी है और मच्छरों के साम्राज्य का भी जिससे लोग बीमारी से जूझ रहे है। लेकिन शहर में जवाबदारों की नींद ही नहीं उड़ रहे है। लोग समस्या से जूझ रहे हैं तो उनकी बलां से। मच्छरों के नाम पर ही नगर निगम में लाखों की खरीदी जाती होगी लेकिन एक रुपये की कोई दवा का छिड़काव होता दिखाई नहीं रहा है। नगर निगम पहले तो और भी शाम से रात तक धुँआ करता रहता था ताकि मच्छरों का खात्मा हो जाए लेकिन अब तब तो निगम का धुआं करने की प्रक्रिया भी ना जाने का धुआ ही हो गई है। सफाई के मामले में तो निगम के अमले पर कलेक्टर तक की फटकार का कोई असर नहीं है। चार की चांदनी और फिर वहीं अंधेरी रात वाली तर्ज पर नगर निगम सफाई कर महज इतिश्री ही कर रहा है। नालियां आज भी गाद और कीचड़ से लबरेज होकर मच्छरों को पनपा रही है मगर निगम की ओर से महज ऊपरी तौर का कचरा और पत्रियों और कागज को समेट रहा है। गली-मोहल्ले तो ठीक शहर के खास चौराहों पर कीचड़ पसरा हैं तो पानी का जल जमाव हो रहा है मगर निगम के किसी भी जिम्मेदार ने सूध लेना मुनासिब नहीं समझा। लोगों का कहना है कि नगर निगम का स्पाट फाईन दल भी चार पहिया वाहन में शहर में घूमता-फिरता रहता है मगर उसे

भी शहर की यह विकट समस्या दिखाई नहीं पड़ती है
शिकायत हैं कि निगम अमले को होटलों और ठेले वाले
कचरा और गंदगी नजर आ जाती है मगर चौराहों और स
कीचड़ और जलजमाव नजर क्यों नहीं आता। क्या
जिम्मेदारी इतनी भी नहीं बनती है कि कीचड़ और ज
ओर नगर निगम का ध्यान खींचकर लोगों को राहत दि
बात हम हल्के बुखार और सर्दी-जुकाम की कर र
विधायक चेतन्य काश्यप तो शहर में डेंगू के मामले बढ़ने
रहे है। डेंगू के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए
सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से बात भी क
सीएमएचओ को डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द ही क
कहा है। इसके अलावा नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झ
शहर के डेंगू प्रभावित इलाकों में फागिंग शुरू कराने को

विधायक काश्यप ने शहर की जनता से भी डेंगू से ब
सजग रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि रतलाम शहर
डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। काश्यप ने
लोगों के डेंगू पॉजिटिव होने की सूचना है। ऐसी हाला
हर एक व्यक्ति को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता ि
डेंगू का लार्वा जहां भी पैदा होता है उसकी सूचना
निगम अथवा प्रशासन को दें ताकि उसकी रोकथाम की जा सके। विधाय
बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला
का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने ब
के उपचार में प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ती है। इसके इंतजाम के लिए ि
डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला अस्पताल में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट शुरू
लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराने को कहा है।

प्रभात किरण 6/7/21

## रहा है कोरोना, बचाव के लिए ...ा जरूरी : मुख्यमंत्री चौहान

... मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में कल 71 हजार 103 टेस्ट किये गये हैं। इनमें 28 पॉजिटिव आये हैं। प्रदेश में पॉजिटिव आने की संख्या घटकर 6 तक हो गई थी। अब



बढ़ते-बढ़ते यह 28 तक पहुँच गई है। दमोह में 15 और सागर में 7 पॉजिटिव केस आये हैं। बुंदेलखण्ड में पॉजिटिव केस मिलना चिंता का विषय है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने स्मार्ट उद्यान में मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए सतर्कता जरूरी है। प्रदेशवासी मास्क लगाने, सोशल डिस्टेंसिंग जैसी सावधानियों का अनिवार्यतः पालन करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि बहुत अधिक सावधानी की आवश्यकता है। पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में भी केस बढ़ रहे हैं। केरल की स्थिति भी सामने है। अतः प्रदेशवासी सतर्क और सावधान रहकर तीसरी लहर को रोकने में सहयोग प्रदान करें। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि राज्य शासन द्वारा सभी आवश्यक उपाय किये जायेंगे। टेस्टिंग के साथ साथ लोगों को आइसोलेट करने, माइक्रो कंटेनमेंट जोन बनाने जैसी कार्यवाईयाँ की जायेंगी।

सिंघम 5

# कोविड़ 19 वैक्सीनेशन अभियान जनता में देखी गई विशेष जागरूकता

**सिंघम रिपोर्टर ❏ लाबरिया**



वैक्सीनेशन महा अभियान में उप स्वास्थ्य केन्द्र लाबरिया में वैक्सीन सेंटर पर आज 150 लोगों को टीकाकरण किया गया। आज टीकाकरण केंद्र पर कुल 150 को टीका लगाया गया परंतु वैक्सीन कम मिलने से 18 से 44 वर्ष की लोग भी खाली हाथ घर लौट रहे हैं जिससे आज 200 से अधिक लोगों को खाली हाथ घर लौटना पड़ा।

वैक्सीनेशन के लिए लोग सुबह 7;00 बजे से ही टीका लगवाने के लिए लाइन लगाकर खड़े रहते हैं लेकिन फिर भी वैक्सीन कम होने के कारण उन्हें खाली हाथ घर लौटना पड़ता है कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर लोगों को जागरूक तो कर दिया गया था लेकिन वैक्सीन की कमी बरकरार है यही कारण है कि लोगों की भीड़ सेंटरों पर उमड़ रही है टीकाकरण को लेकर ग्रामीणों में काफी जागरूकता दिखाई दे रही है लोग काफी उत्साह के साथ टीकाकरण केंद्र पर टीका लगवाने के लिए आ रहे है। इस दौरान एएनएम सरोज शर्मा, आशा परमार, आशा कार्यकर्ता कंचन औसारी, रेखा खराड़ी, कविता चरपोटा, ललिता परमार, राधा बैरागी, कृष्णा सोलंकी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता चौहान, दुर्गा औसारी, समस्त डिजिटल सखी प्रिया मारु, आरती राठौड़, रिना परमार ललिता जायसवाल, एवं सहयोगी दिनेश शर्मा, प्रेमलता सोलंकी, आदि का सहयोग रहा।

सिंघम 5

सिंघम 5/8/21



# कोरोना: गया नहीं सचेत रहने की आवश्यकता

रतलाम। कोरोना महामारी का दंश अभी समाप्त नहीं हुआ है पहली और दूसरी लहर में लाखों लोगों की जान लेने के बाद अब तीसरी लहर में भी डॉक्टर तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी से इस महामारी के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि अधिकांश लोगों ने लापरवाही और बेरुखी से पुनः अपनी जान संकट में डालने की की सोच ली है यही कारण है कि बड़े-बड़े समारोह तथा कार्य कम आयोजित होने लगे हैं तथा मास्क का उपयोग भूलते जा रहे हैं जो अत्यंत हानिकारक हो सकता है। इसी बात को ध्यान में लेकर लायंस क्लब रतलाम क्लासिक द्वारा आज कॉलेज रोड, छत्रीपुल पर लगी छूट कर व्यापारियों को मास्क वितरित कर उन्हें समझाइश दी गई। मास्क का उपयोग निरंतर करते रहें तथा व्यापार करते समय शारीरिक दूरी का पालन करें और सैनिटाइजर से हाथ लगातार धोते रहें इस बात के लिए उन्हें संकल्प दिलवाया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन राजेश डोरिया, सचिव आशीष जोशी, पूर्व अध्यक्ष निमिष व्यास, दिनेश शर्मा, महेश व्यास, बी.के.जोशी, मनीष जोशी, शैलेंद्र व्यास, शैलेश श्रोत्रिय आदि उपस्थित थे।

सिंघम 5

### कलेक्टर ने सभी नागरिकों से वैक्सीनेशन की अपील की

# डेढ़ साल में पहली बार रतलाम में एक भी एक्टि... कोरोना केस नहीं..फिर भी सावधान रहें

❋ रतलाम

डेढ़ साल में रतलाम में पहली बार बुधवार को यह स्थिति बनी कि एक भी कोरोना एक्टिव पेशेंट नहीं है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने इस सुखद स्थिति के लिए नागरिकों की सजगता, सतर्कता एवं चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की सराहना की।

कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कहा कि डेढ़ वर्ष बाद रतलाम में एक भी कोरोना एक्टिव पेशेंट नहीं होना सुखद है, मगर हमें इस स्थिति को बनाए रखना है। अभी कोरोना समाप्त नहीं हुआ है, हमें सभी एहतियात बरतना है। उन्होंने कहा कि रतलाम शहर में वैक्सीनेशन को लेकर सुखद स्थिति बनी है। यहां लगभग 85 प्रतिशत वैक्सीनेशन हो चुका है। यही स्थिति रतलाम जिले में भी हमें बनानी है, इसके लिए उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे वैक्सीनेशन अवश्य करवाएं। पुरुषोत्तम ने बताया कि जिन्होंने पहला डोज लगवा लिया है और दूसरा डोज लगवाना है, वे प्राथमिकता के आधार पर सेकंड लगवाए। अभी 36 हजार ऐसे लोग हैं जिनका सेकंड है ड्यू है। उन्हें सेकंड लगवाने के लिए कलेक्टर ने अपील की। उन्होंने कहा कि रतलाम शहर 5 अगस्त को इसीलिए सिर्फ सेकंड डोज के लिए ही वैक्सीनेशन कैंप लगाया जा रहा है। आने वाले समय भी रतलाम शहर में ब्लाक बुकिंग ... अतिरिक्त सेकंड डोज के लिए ही अधिक कैंप लगाए जाएंगे, ताकि शहर में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन जाए। उन्होंने जिले के सभी नागरिकों से अपील की कि वे इस स्थिति को बनाए रखने के लिए मास्क का प्रयोग अवश्य करें, सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखें और सभी एहतियाती उपायों पर ध्यान ...

अग्निबाण 5

अग्निबाण 5/8/21

# जुलाई में आयोजित रोजगार मेलों से 245 युवाओं को कंपनियों में रोजगार मिला

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर विगत जुलाई माह में 4 रोजगार मेले जिले में आयोजित किए गए। रोजगार मेलों में 245 युवाओं का अच्छी कंपनियों और फर्मों में रोजगार के लिए चयन हुआ।

आईटीआई प्राचार्य श्री यू.पी. अहिरवार ने बताया कि 27 जुलाई को आईटीआई रतलाम में आयोजित रोजगार मेले में 15 युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया गया जिन्हें 8 से 9 हजार रूपए की सैलरी मिलेगी। 28 जुलाई को सैलाना में रोजगार मेला आयोजित हुआ। सैलाना मेले में 61 युवा रोजगार के लिए चयनित किए गए। सैलाना में रतलाम के नीरज फूड्स, एचडीएफसी बैंक, एलआईसी, टाइगर सिक्योरिटी, राज कंसलटेंसी आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया। विगत 30 जुलाई को आईटीआई रतलाम तथा जावरा में रोजगार मेले आयोजित हुए। रतलाम में हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने अपने गुजरात स्थित हलोल प्लांट के लिए 35 युवाओं का चयन विभिन्न पदों पर किया। चयनित युवाओं को 14 से 15 हजार रूपए तक सैलरी मिलेगी। इसके अलावा जावरा में आयोजित रोजगार मेले में 134 युवा रोजगार के लिए चयनित किए गए।

युवाओं को 8 से लेकर 10 हजार रूपए तक प्रति माह सैलरी का रोजगार मिला। जावरा मेले में एचडीएफसी बैंक, अग्रवाल इंडस्ट्रीज, नाहर इंडस्ट्रीज, बालाजी प्रोडक्ट, जैन एग्रो, राहुल स्टील, यूनिक मार्बल आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया।

सिंघम 5/8/21

# जुलाई में आयोजित रोजगार मेलों से 245 युवाओं को कंपनियों में रोजगार मिला

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की पहल पर विगत जुलाई माह में 4 रोजगार मेले जिले में आयोजित किए गए। रोजगार मेलों में 245 युवाओं का अच्छी कंपनियों और फर्मों में रोजगार के लिए चयन हुआ। आईटीआई प्राचार्य यू.पी. अहिरवार ने बताया कि 27 जुलाई को आईटीआई रतलाम में आयोजित रोजगार मेले में 15 युवाओं का रोजगार के लिए चयन किया गया जिन्हें 8 से 9 हजार रूपए की सैलरी मिलेगी। 28 जुलाई को सैलाना में रोजगार मेला आयोजित हुआ। सैलाना मेले में 61 युवा रोजगार के लिए चयनित किए गए। सैलाना में रतलाम के नीरज फूड्स, एचडीएफसी बैंक, एलआईसी, टाइगर सिक्योरिटी, राज कंसलटेंसी आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया। विगत 30 जुलाई को आईटीआई रतलाम तथा जावरा में रोजगार मेले आयोजित हुए। रतलाम में हीरो मोटोकॉर्प कंपनी ने अपने गुजरात स्थित हलोल प्लांट के लिए 35 युवाओं का चयन विभिन्न पदों पर किया। चयनित युवाओं को 14 से 15 हजार रूपए तक सैलरी मिलेगी। इसके अलावा जावरा में आयोजित रोजगार मेले में 134 युवा रोजगार के लिए चयनित किए गए। युवाओं को 8 से लेकर 10 हजार रूपए तक प्रति माह सैलरी का रोजगार मिला। जावरा मेले में एचडीएफसी बैंक, अग्रवाल इंडस्ट्रीज, नाहर इंडस्ट्रीज, बालाजी प्रोडक्ट, जैन एग्रो, राहुल स्टील, यूनिक मार्बल आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया।

अग्निबाण 5/8/21


# कोरोना के कहर के बाद अब अंचल में बढ़ा डेंगू का प्रकोप

नईदुनिया पड़ताल

**बढ़े मामले : खरगोन में एक की मौत, धार में अब तक पांच की गई जान**

**स्वास्थ्य विभाग का दावा : जहां भी केस मिल रहे तत्काल सर्वे करा रहे, समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध**

मालवा-निमाड़ (टीम नईदुनिया)। कोरोना के कहर से बुरी तरह प्रभावित हुए मालवा-निमाड़ के कई जिले अब डेंगू के प्रकोप से जूझ रहे हैं। खरगोन जिले में डेंगू से एक मौत हो चुकी है, वहीं धार जिले में तीन माह में पांच लोग जान गंवा चुके हैं। अन्य जिलों मे भी तेजी से मरीज बढ़ रहे हैं। तीसरी लहर की आशंका के बीच तैयारियों में जुटा स्वास्थ्य विभाग का अमला अब इस नई चुनौती से जूझ रहा है। विभाग का कहना है कि समुचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। मामले की पड़ताल करती नईदुनिया की रिपोर्ट...



**खंडवा :** जिले में इस वर्ष अब तक डेंगू के तीन मरीज सामने आए हैं, जबकि पिछले साल 89 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई थी। जिला मलेरिया अधिकारी मनीषा जुनेजा ने बताया कि अभी तक 102 सैंपल संदिग्ध मरीजों के जांचे गए हैं। खालवा ब्लाक में जल्द लार्वा सर्वे शुरू किया जाएगा।

**मंदसौर :** जिले का सीतामऊ क्षेत्र हाट स्पाट बना हुआ है। यहां 50 से अधिक डेंगू के मरीज मिल चुके हैं। ब्लाक मेडिकल आफिसर डा. अरविंद चौहान ने बताया कि तहसील में 52 केस हैं, जिनमें 33 सीतामऊ व 19 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं।

**धार :** जिले में बीमारी के नियंत्रण को लेकर महकमा मुस्तैद नजर नहीं आ रहा, जबकि पांच लोगों की जान जा चुकी है। डेंगू के कई संदिग्ध मरीज उपचाररत हैं।

**बड़वानी :** जिले में इस वर्ष अब तक डेंगू के छह मरीज मिले हैं, जबकि निजी अस्पतालों में इनकी संख्या अधिक होने की जानकारी है। इनमें भी विशेष रूप से बच्चों में डेंगू अधिक देखा जा रहा है। गत वर्ष नौ मरीज डेंगू के मिले थे।

**खरगोन :** जिले के महेश्वर ब्लाक के बरलाय में 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। उसकी डेंगू की रिपोर्ट भी पाजीटिव आई थी। सैगांव में भी डेंगू लक्षण वाले पीड़ितों का इलाज जिला अस्पताल और इंदौर में चल रहा है। जून माह में कसरावद क्षेत्र के उमरियाबैड़ी में ग्रामीण इसकी चपेट में आ चुके हैं। सीएमएचओ डा. डीएस चौहान ने बताया कि जहां डेंगू की सूचना मिल रही है। वहां टीम जांच कर रही है।

**देवास :** जिले में पिछले साल डेंगू के 46 मरीज मिले थे। इस साल जुलाई में दो मरीज सामने आए। स्वास्थ्य विभाग लार्वा सर्वे सहित अन्य उपाय कर रहा है।

**शाजापुर :** जिले में एक जनवरी के बाद से अब तक 61 हजार से ज्यादा मरीजों की ब्लड स्लाइड बनाई गई। फिलहाल मलेरिया, चिकनगुनिया, डेंगू का एक भी मरीज सामने नहीं आया है।

नईदुनिया 6/8/21

# डेंगू के बढ़ते मामले पर विधायक काश्यप ने चिंता जताई

सिंघम 5/8/21

सिंघम रिपोर्टर □ रतलाम

- **सीएमएचओ व निगमायुक्त को दिए निर्देश**
- **आमजन से सजग रहने का आह्वान**

विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं।



विधायक श्री काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके।

विधायक श्री काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है, इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सिंघम 5/8/21

# डेंगू के बढ़ते मामलों पर विधायक काश्यप ने चिंता जताई

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने शहर में डेंगू के मामले बढ़ने पर चिंता जताई है। उन्होंने सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर ननावरे से चर्चा कर डेंगू की रोकथाम के लिए जल्द कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया से चर्चा कर उन्हें भी शहर के डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। विधायक काश्यप ने आमजन से डेंगू से बचाव के लिए सजग रहने का आह्वान करते हुए बताया कि रतलाम शहर में इस सप्ताह डेंगू के मामले लगातार प्रकाश में आ रहे हैं। 89 लोगों के डेंगू पाजीटिव होने की सूचना है। ऐसी स्थिति में प्रत्येक शहर वासी को डेंगू से बचाव के लिए जागरुकता दिखानी होगी। डेंगू का लार्वा जहां भी उत्पन्न होता है, उसकी सूचना तत्काल नगर निगम अथवा प्रशासन को दें, जिससे उसकी रोकथाम की जा सके। विधायक काश्यप ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम एवं महिला बाल विकास का दल घर-घर जाकर सर्वे करेगा। शहरवासी इसमें सहयोग दें। उन्होंने बताया कि डेंगू के उपचार में प्लेटलेट्स की आवश्यकता पड़ती है। इसकी व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ. आनंद चंदेलकर को जिला चिकित्सालय में ब्लड कम्पोनेंट यूनिट आरंभ करने के लिए लायसेंस की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

5/8/21

## बिहार से रतलाम आकर 8 लेन प्रोजेक्ट में काम कर रहे सरोज कुमार को मिल रहा है राशन

रतलाम। बिहार के खडगिया से रतलाम में 8 लेन प्रोजेक्ट में काम कर रहे सरोज कुमार मिश्रा के लिए उचित मूल्य दुकान से राशन प्राप्त करना एक सपना था। इसके अभाव में उनकी जीवन-यापन बाधित हो रहा था। परिवार के पांच सदस्यों का पेट भरने के लिए उन्हें काफी मुश्किल हो रही थी, ऐसे में प्रधानमंत्रीजी की ''वन नेशन, वन राशन कार्ड'' योजना, उनके लिये अत्यन्त कारगार सिद्ध हुई। बिहार के खडगिया से रतलाम आये श्री सरोज कुमार मिश्रा इस योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। रतलाम के धामनोद में रह रहे सरोज कुमार बताते है कि वे 8 लेन प्रोजेक्ट में काम करने के लिए यहां आए, परिवार के सदस्य भी उनके साथ आए। पहले उन्हें अपने खडगिया के राशन कार्ड का लाभ रतलाम में नही मिल पाता था जिसके कारण सीमित आय में घर-परिवार का गुजर-बसर अच्छी तरह से करने में भारी मशक्कत करना पड़ती थी। किन्तु जब से प्रधानमंत्री ने ''वन नेशन, वन राशन कार्ड'' योजना घोषित की है तब से उन्हें अपने साथ रहने वाले परिवार के 5 सदस्यों का पेट भरना सरल हो गया है।

अब वे खडगिया के राशन कार्ड पर, रतलाम की धामनोद की उचित मूल्य की दुकान से सरलता से राशन ले पा रहे है। इसके लिए वे प्रधानमंत्रीजी और मुख्यमंत्रीजी का आभार व्यक्त करते हैं। वहीं प्रधानमंत्री की निःशुल्क राशन वितरण का भी लाभ मिलने से अब उन्हें सच में लगने लगा है कि वे इस योजना का लाभ लेने वाले बहुत भाग्यशाली हैं।

## रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाई जा रही पीडीएस शॉप

रतलाम। अन्न उत्सव के लिए जिला कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में सभी तैयारियां की जा रही है। जिले की पीडीएस शॉप की रंगाई-पुताई कर आकर्षक बनाया जा रहा है। सभी दुकान संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे



पीडीएस शॉप की रंगाई -पुताई कर आयोजन के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध रखें। यदि किसी पीडीएस शॉप पर स्थान की कमी हो तो बिल्कुल समीप का कोई सुविधाजनक स्थान भी आयोजन के लिए चयनित किया जा सकता है। नागरिकों को आयोजन स्थल पर पूर्ण सम्मान दें। तिलक लगाकर उनका स्वागत भी करें और उन्हें गरिमा के साथ थैलों में राशन प्रदान करें। राशन की गुणवत्ता बनाए रखें और बैग भी व्यवस्थित हो। आयोजन में उपस्थित सभी लोग मास्क पहने हों, इस बात का विशेष ध्यान रखें।

[illegible] 5/8/21

# 'कोरोना टला नहीं है, फिर भी बड़े-बड़े समारोह तथा कार्यक्रम आयोजित होने लगे हैं'

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

कोरोना महामारी का दंश अभी समाप्त नहीं हुआ है। पहली और दूसरी लहर में लाखों लोगों की जान लेने के बाद अब तीसरी लहर में भी डॉक्टर तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी से इस महामारी के प्रति सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि अधिकांश लोगों ने लापरवाही और बेरुखी से पुनः अपनी जान संकट में डालने की सोच ली है यही कारण है कि बड़े-बड़े समारोह तथा कार्य कम आयोजित होने लगे हैं तथा मास्क का उपयोग भूलते जा रहे हैं जो अत्यंत हानिकारक हो सकता है ।

इसी बात को ध्यान में लेकर लायंस क्लब रतलाम क्लासिक द्वारा आज कॉलेज रोड, छत्री पुल पर लगी फुटकर व्यापारियों को मास्क वितरित कर उन्हें समझाइश दी गई। मास्क का उपयोग निरंतर करते रहे तथा व्यापार करते समय शारीरिक दूरी का पालन करें और सेनिटाइजर से हाथ लगातार धोते रहे। इस बात के लिए उन्हें संकल्प दिलवाया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन राजेश डोरिया, सचिव आशीष जोशी, पूर्व अध्यक्ष निमिष व्यास, दिनेश शर्मा, महेश व्यास, बी.के. जोशी, मनीष जोशी, शैलेंद्र व्यास, शैलेष श्रोत्रिय आदि उपस्थित थे । स्वदेश

स्वदेश 6/8/21

# पहले राशन दुकानों पर खाते थे धक्के अब घर पहुंच रहा राशन

पत्रिका सोशल प्राइड

## जिले में 634 ऐसे लोग जो राशन दुकान तक जाने में असमर्थ थे, पहली बार उनके घर पहुंचा राशन



रतलाम. एक समय था जब लोगों को अपने हक का राशन भी नहीं मिल पाता था। किसी भी बहाने से राशन माफिया उनके हक का राशन डकारने का प्रयास करते थे। कभी कम तौलकर तो कभी किसी ओर माध्यम से, राशन माफियाओं के इन्ही कारनामों के चलते शहर में जब दुकानों की जांच हुई तो शुरूआती जांच में करीब दस करोड़ का राशन घोटाला उजागर हुआ था, जिसके बाद से दुकान संचालकों में खौफ व्याप्त है। वही अब लोगों के दिन भी बदलने लगे है जो लोग दुकान तक जाने में असमर्थ है, पहली बार राशन दुकान संचालकों के द्वारा उनके घर जाकर राशन वितरित किया गया।

घर जाकर राशन वितरण के ऐसे एक नहीं कई किस्से सामने आए है। दरअसल प्रशासन की सख्ती और शासन की योजना के तहत पहली बार जिले में 634 ऐसे परिवार जिनकी असमर्थता के कारण वह राशन लेने के लिए परेशान होते थे, ऐसे सभी परिवारों के यहां पर कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम के निर्देश के बाद राशन दुकान संचालकों के द्वारा संबंधित हितग्राहियों के घर पहुंचकर राशन वितरित किया गया। ऐसे ही लोगों शहर के दिलीप नगर स्थित दुकान से छह परिवारों को राशन घर जाकर वितरित किया गया है।

### आम से हुआ खास

दृष्टिहीन बालाराम मीणा के जीवन में वह पल बहुत दुर्लभ था जब राशन स्वयं उसके घर पहुंचा। अब तक राशन के लिए उचित मूल्य की दुकान तक पहुंचकर उन्हें राशन प्राप्त करना पड़ता था लेकिन शासन की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना एवं मुख्यमंत्री अन्नपूर्णा योजना के तहत अब उचित मूल्य दुका संचालक ने उसके घर पहुं राशन दिया है। वरना पूर्व में दु पर जाकर सामान्य लोगों की उसे भी राशन लेना पड़ता था।

### पीएम व सीएम का माना आभार

बालाराम के घर पर र पहुंचने के बाद वह स्वयं सौभाग्यशाली मान रहा है। उ द्वारा इस सुविधा के लिए प्रधान नरेंद्र मोदी और मुख्य शिवराजसिंह चौहान का आभा माना गया। वहीं दूसरी ओर सर की इस योजना के तहत जिल जुलाई माह में 634 ऐसे लोगों को जाकर राशन दिया गया, जो शारी असमर्थता व वृद्धावस्था के क दुकानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं।

पत्रिका 6/8/21

# अन्न उत्सव व स्वास्थ्य मिशन को लेकर भाजपा के 19 मंडल अध्यक्षों की बेठक

सिंघम रिपोर्टर ☐ झाबुआ



7 अगस्त को भारत सरकार व मध्यप्रदेश सरकार की बहुप्रतीक्षित अन्न योजना एवं स्वास्थ्य मिशन को लेकर जिला भाजपा भाजपा कार्यालय पर जिले के समस्त 19 मंडलों के भाजपा मंडल अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई।

उक्त जानकारी देते हुए जिला भाजपा मिडिया प्रभारी योगेन्द्र नाहर ने बताया कि देश के अस्सी करोड़ लोगों को कोरोना काल को द्रष्टिगत रखते हुए दिपावली तक मुफ्त अनाज बितरण करने के उद्देश्य से सात अगस्त से भारत सरकार की बहुप्रतीक्षित अन्न योजना को झाबुआ जिले की तीन सौ चोपन राशन दुकानों पर सुव्यवस्थित तरीके से सम्पन्न कराने के लिए जिला भाजपा कार्यालय पर भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह नायक महामंत्री द्वय सोमसिह सोलंकी व गोरव खण्डेलवाल के मार्गदर्शन में बेठक आयोजित की गई बेठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नायक ने प्रधानमंत्री मोदी जी की बहुप्रतीक्षित अन्न योजना के बारे में बिस्तार से जानकारी देते हुए प्रत्येक मंडल अध्यक्ष को जन कल्याण राज्य व राष्ट्र कल्याण के लिए जी जान से जुटने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की बहुप्रतीक्षित अन्न योजना का लाभ गरीब एवं ग्रामीण जनता को पहुचाने का आह्वान किया। सिंघम 5

सिंघम 5/8/21